News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-158
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया

**आज का विचार**
कहीं न कहीं, हमारा कोई न कोई अंश प्रतिक्षण मरता रहता है।
- धर्मवीर भारती

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, गुरुवार 12 सितम्बर 2024

### बदले गए 5 जिलों के DEO

## बिहार शिक्षा विभाग में बड़ा फेरबदल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार सरकार में इन दिनों ट्रांसफर पोस्टिंग का दौर चल रहा है. बड़े पैमाने पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग के बाद अब शिक्षा विभाग में अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है. आज बुधवार को पांच जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रमोट करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है और दूसरे जिले में पोस्टिंग की गई है. इसके अलावा एक कार्यक्रम पदाधिकारी को स्पाउस ग्राउंड के आधार पर ट्रांसफर किया गया है.

ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग की जारी अधिसूचना के मुताबिक पश्चिमी चंपारण के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योगेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है. इसी तरह




शिवहर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नासिर हुसैन को किशनगंज का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है. कैमूर (भभुआ) के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय को बक्सर का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है.

इसी तरह रोहतास (सासाराम) के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह को स्थानांतरित करते हुए सिवान का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है. रोहतास (सासाराम) के एक और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गोंड को खगड़िया का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है. वहीं औरंगाबाद में कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित गार्गी कुमारी को उनके आवेदन के आलोक में स्पाउस ग्राउंड पर पश्चिमी चंपारण में कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर पद स्थापित किया गया है. विभाग की अधिसूचना में स्पष्ट है कि गार्गी कुमारी को स्थानांतरण भत्ता देय नहीं होगा.

शिक्षा विभाग की इस अधिसूचना की प्रति शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव, बिहार के रायपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा विभाग के मंत्री, महालेखाकार बिहार और सभी संबंधित कार्यालय को प्रेषित किया गया है. जल्द से जल्द इन अधिकारियों को पथस्थापन के नए जगह पर योगदान करना है. निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार के हस्ताक्षर से यह अधिसूचना जारी हुई है.

### कृषि समन्वयक को किसानों ने बनाया बंधक

## डीजल अनुदान आवेदन रद्द होने पर आक्रोशित थे ग्रामीण

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, समस्तीपुर में कृषि समन्वयक को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है।

मामला जिले के रोसरा अनुमंडल के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के मऊ उत्तर पंचायत का है। डीजल अनुदान का आवेदन रद्द होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कृषि समन्वयक विजय शंकर कुमार बंधक बना लिया, बांस के बिट में गमछा से कृषि समन्वयक को बांधकर रखे रहा, आक्रोशित किसानों ने वरीय पदाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर अड़े रहे, इस दौरान ग्रामीणों ने



जमकर नारेबाजी भी की, आक्रोशित किसानों ने बताया कि कृषि समन्वयक के द्वारा जीरो टैग किया गया था लेकिन सभी किसानों के आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है, किसानों ने बताया कि आवेदन रद्द करने का कारण भी नहीं बताया गया है इसलिए हमलोगों ने बंधक बना लिया है।

### सीतामढ़ी में पीट पीट कर एक व्यक्ति की हत्या

## ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

सीतामढ़ी, सीतामढ़ी में एक शख्स की पीट पीटकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव के साथ सीतामढ़ी बथनाहा मुख्य सड़क को जाम कर दिया. वे पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. इस दौरान आक्रोशित लोगों ने हंगामा भी किया.

इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में दहशत का माहौल है.हत्या की घटना के बाद मौके पर पहुंची सहियारा थाना पुलिस लोगों को समझाने बुझाने की कोशिश की. हालांकि, स्थानीय लोग इस



हत्या मामले में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे. पुलिस के साथ भी नोक झोंक हुई. लोग, घटनास्थल पर वरीय पुलिस पदाधिकारी बुलाने की मांग कर रहे थे. प्रदर्शन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित रहा. राहगीर परेशान रहे.

### नीतीश सरकार ने बढ़ाई DM साहब की पावर

## इस योजना में 1 करोड़ तक की राशि को दे सकेंगे मंजूरी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, नीतीश सरकार ने शहरों के विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना में जहां वित्तीय शक्तियों का विभाजन किया है वहीं योजनाओं के निर्धारण के लिए नए सिरे से कमेटी का गठन भी किया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृत दी गई। बैठक में कुल 46 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि शहरों के



विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत जिलाधिकारी एक करोड़ रुपये तक की विकास योजना स्वीकृत कर सकेंगे। वहीं प्रमंडलीय आयुक्त एक करोड़ से ऊपर और ढ़ाई करोड़ रुपये तक की योजना स्वीकृत करेंगे,जबकि योजनाओं का निर्धारण करने के लिए राय स्तरीय संचालन समिति गठित होगी।कमेटी की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे। स्थानीय शहर के विधायक और विधान पार्षद इसके सदस्य होंगे। जिलाधिकारी कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। अन्य सदस्यों में जिला के एसपी, नगरपालिका के नगर आयुक्त या कार्यपालक पदाधिकारी, बुडको (बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कॉरपोरेशन) के कार्यपालक अभियंता भी इसके सदस्य होंगे।

### JDU प्रखंड अध्यक्ष समेत 14 गिरफ्तार

## स्कूल में कर रहे थे शराब पार्टी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

नालंदा, सीएम नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा में जदयू नेता के शराब का धंधा करने का खुलासा हुआ है. यहां बिहार थाना क्षेत्र के अंबेर मोहल्ले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया. जिसकी निशानदेही पर दो लाख 88 हजार नकद, बाइक और तास की गड्डी बरामद की गई है.बिहार थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र के अंबेर चौक स्थित एक स्कूल शराब और जुए का धंधा हो रहा है. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी करते हुए अस्थावां के जदयू प्रखंड अध्यक्ष सीताराम प्रसाद सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया है. छापेमारी में 2 लाख 88000 नकद और कई



मोबाइल भी जब्त किया है.थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कई लोग नशे की हालत में थे. जिसके निशानदेही पर जब छापेमारी की गई तो 292.32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया. जिस इलाके में कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अम्बेर चौक स्थित मधुसूदन प्रसाद के घर में जुआ खेलने की सूचना पर छापेमारी की गई थी.

## गंगा नदी में कूदकर युवक ने दे दी जान

**पटना।** पटना में गंगा नदी में एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले का उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। घटना के लगभग 10 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन कर गंगा नदी से युवक का शव बरामद कर लिया है। युवक की पहचान पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के भट्ठी पर निवासी अमित कुमार उर्फ पिल्लू (28) के रूप में हुई।

इधर, पुलिस का मानना है कि बीच गंगा नदी में जाकर एक सूखे पेड़ पर वीडियो बनाने के दौरान पैर फिसलने से उसकी मौत हुई है। सवाल यह उठता है कि बीच गंगा नदी में तेज धार और अथाह पानी के बीच युवक सूखे पेड़ के नजदीक कैसे पहुंचा। वायरल वीडियो को देखने से या प्रतीत होता है की गंगा नदी के किनारे युवक ने पहले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और उसके बाद गंगा नदी में चलांग लगा दी।पिछले कई दिनों से काफी परेशान था

बताया जा रहा है की भट्टी पर निवासी अमित



कुमार उर्फ पिल्लू पिछले कई दिनों से काफी परेशान था। वायरल वीडियो से प्रतित होता है कि किसी लड़की और अपने परिवार के एक भाई को लेकर वह काफी डिप्रेशन में था। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम वह पटना सिटी मालसलामी थाना क्षेत्र के पीरदमरिया घाट के नजदीक पहुंचा। फेसबुक पर आकर लाइव वीडियो बनाया और उसके बाद गंगा नदी में छलांग लगा दी। माल सलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई।

### पितृ पक्ष मेले में आने वाले तीर्थयात्री ध्यान दें

## इन जगहों के लिए इतना देना पड़ेगा ऑटो किराया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

17 सितंबर से दो अक्टूबर तक गया धाम में चलने वाले पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने ऑटो वाहन का किराया तय कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा तय किए गए वाहन किराया से अधिक लेने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। पितृपक्ष मेला के दौरान तीर्थयात्रियों को अन्य पिंडवेदियों पर ऑटो से जाने का किराया तय किया गया है।

गया जंक्शन से गांधी मैदान के लिए प्रति व्यक्ति 15 रुपये और रिजर्व किराया 70 रुपये तय किए गए हैं। ठीक इसी प्रकार गया जंक्शन से टिल्ला धर्मशाला 30 रुपया, रिजर्व 150 रुपये, गया जंक्शन से चांद चौरा 40 रुपये, रिजर्व 160 रुपया, चांद चौरा से रामशिला 40 रुपये, रिजर्व 160 रुपया, चंद चौरा से प्रेतशीला 20 रुपये और रिजर्व 200 रुपये, दिग्गी तालाब से बोधगया 40 रुपये और रिजर्व 150 रुपये, रेलवे स्टेशन से गया कॉलेज खेल परिसर 30 रुपये और रिजर्व 120 रुपये, गया कॉलेज खेल परिसर से बंगाली आश्रम 30 रुपये, रिजर्व 130 रुपये, हवाई अड्डा से विष्णुपद मंदिर 40 रुपये, रिजर्व 160 रपुये, हवाई अड्डा से मंगलागौरी 30 और रिजर्व 120 रुपये, हवाई अड्डा से बोधगया 30 रुपये और रिजर्व 130 रुपये, हवाई अड्डा से गया जंक्शन 40 रुपये और रिजर्व 120 रुपये, चाकंद से प्रेतशिला 15 रुपये और रिजर्व 160 रुपये, गया जंक्शन से विष्णुपद मंदिर 40 रुपये और रिजर्व 130 रुपये, बागेश्वरी गुमटी से गांधी चौक टावर तक 25 रुपये और रिजर्व 90 रुपये, टिल्हाधर्मशाला से रामशिला पहाड़ी 40 रुपये और रिजर्व 150 रुपये, रामशिला से प्रेतशिला मंदिर 20 और रिजर्व 200 रुपये, पंचायती अखाड़ा से गया कालेज खेल परिसर 35 और रिजर्व 130 रुपये तय किया गया है।

**छह घंटे के लिए 750 रुपये**

वहीं प्रीपेड ऑटो और ई-रिक्शा चार घंटे के लिए पांच सौ रुपये, छह घंटे के लिए 750 रुपये, आठ घंटे के लिए नौ सौ रुपये जिला प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन ने निर्धारित किया गया है।

वहीं जिला प्रशासन द्वारा तय किराया से अधिक लेने वाले ऑटो चालकों पर कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

इस संबंध में गया के डीएम डा. त्याग राजन एसएम ने बताया है कि पितृपक्ष मेला में विभिन्न राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां कर चुकी है। उन्होंने कहा कि नाबालिग के हाथों में कोई भी वाहन देखी जाएगी तो वैसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी वैसे वाहन चालकों पर नजर रखेंगे।